हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 290 | देहरादून, बृहस्पतिवार, 16 मई 2024 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 16




चारधाम आने से पहले जरूर कराएं पंजीकरण : विनय शंकर पांडेय, आयुक्त

3

## चारधाम यात्रा

# तीर्थयात्रियों ने बनाया एक नया रिकॉर्ड पहली बार पहुंचे इतने अधिक श्रद्धालु

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग 16 मई : 10 मई से चारधाम यात्रा शुरू हो चुकी है, लेकिन इस बार यात्रियों ने पुराने सभी रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार उत्तराखंड में चार धाम यात्रा पिछले 1200 सालों से चल रही है, लेकिन इस वर्ष पहली बार इतने अधिक श्रद्धालु पहुंचे हैं। प्रदेश सरकार को उम्मीद है कि यात्रा नया रिकॉर्ड बनाएगी।

प्रदेश में चारधाम यात्रा शुरू हुए 5 दिन बीत चुके हैं और लाखों की संख्या में श्रद्धालु केदारनाथ धाम के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। ताजे आकड़े के मुताबिक पांच दिन के भीतर ही चारों धाम में 2.50 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। पिछले कई दिनों से उत्तराखंड में हल्की बर्फबारी और बारिश हो रही है, लेकिन इसके बावजूद भक्तों की संख्या में कोई कमी नहीं आई है। हालांकि, प्रशासन ने यात्रियों को सावधानीपूर्वक सफर करने की हिदायत दी है।

बीते वर्ष 22 अप्रैल 2023 को चारधाम यात्रा शुरू हुई थी। पहले पांच दिनों में 1.38 लाख यात्रियों ने दर्शन किए थे, जबकि पूरे यात्रा काल में दर्शन करने वाले यात्रियों की संख्या 56 लाख से अधिक थी। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा कुछ दिनों के लिए नहीं है बल्कि नवंबर तक संचालित होगी। यात्री पंजीकरण की उपलब्धता को देखते हुए चारधाम यात्रा की योजना बनाएं। श्रद्धालुओं की बड़ी तादात से व्यवस्थाएं भी प्रभावित हो रही हैं।










# यात्रा को बदनाम करने वालों के खिलाफ होगी एफआईआर : सीएस राधा रतूड़ी

## बिना रजिस्ट्रेशन की बसों व गाड़ियों को तत्काल रोकने तथा वापस भेजने के निर्देश

- अन्य राज्यों के मुख्य सचिवों एवं पुलिस महानिदेशकों को भी बिना रजिस्ट्रेशन वाली गाड़ियों के मामले पर पत्र
- अधिकारियों को अपने मोबाइल 24 घंटे खुले रखने तथा यात्रा से सम्बन्धित शिकायतों को अनिवार्यत सुनने के कड़े निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 16 मई : चारधाम यात्रा का दुष्प्रचार करने वाले तथा यात्रा के सम्बन्ध में फेक न्यूज या विडियो बनाने वालों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्यवाही के निर्देश देते हुए सचिवालय में चारधाम यात्रा प्रबन्धन की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने स्पष्ट किया है कि फेक न्यूज या वीडियों के माध्यम से यात्रा को बदनाम करने वाले तत्वों के विरूद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।

बिना रजिस्ट्रेशन एवं ट्रिप कार्ड या पोस्ट डेटेड रजिस्ट्रेशन की बसों एवं गाड़ियों के यात्रामार्ग पर संचालन पर कड़ा रूख अपनाते हुए सीएस रतूड़ी ने ऐसे बिना रजिस्ट्रेशन की बसों व गाड़ियों को तत्काल रोकने तथा वापस भेजने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने परिवहन विभाग को टूर ऑपरेटर्स के साथ बिना रजिस्ट्रेशन, बिना ट्रिप कार्ड या पोस्ट डेटेड रजिस्ट्रेशन के वाहनों के मुद्दे पर बैठक करने निर्देश दिए हैं। बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों को जगह-जगह पर स्थापित चेक पॉइंट पर चिन्हित कर उचित कार्यवाही की जाएगी। इस सम्बन्ध में मुख्य सचिव द्वारा अन्य राज्यों के मुख्य सचिवों एवं पुलिस महानिदेशकों को भी पत्र भेजा जाएगा।






श्रद्धालुओं की समस्याओं के मौके पर ही त्वरित निवारण के दृष्टिगत मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अधिकारियों को अपने मोबाइल पर प्राप्त किसी भी श्रद्धालु की शिकायत पर तत्काल उचित कार्यवाही के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को अपने मोबाइल 24 घण्टे खुले रखने तथा यात्रा से सम्बन्धित शिकायतों को अनिवार्यत सुनने के कड़े निर्देश जारी किए हैं।

चारधाम यात्रा के कुशल प्रबन्धन हेतु जिलों में तैनात प्रभारी सचिवों की स्थिति को स्पष्ट करते हुए सीएस श्रीमती रतूड़ी ने कहा है कि प्रभारी सचिव द्वारा सचिवालय से ही जिला प्रशासन एवं जिलाधिकारी आदि के माध्यम से नियमित रूप से यात्रा की मॉनिटरिंग की जाएगी तथा सचिवालय एवं जिला प्रशासन के मध्य प्रभावी समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा।

धामों में बेहतरीन क्राउड मेनेजमेंट एवं यात्रामार्ग पर ट्रैफिक मेनेजमेंट के दृष्टिगत सीएस राधा रतूड़ी ने यात्रामार्ग पर श्रद्धालुओं के सुविधा हेतु जगह-जगह स्थापित हॉल्डिंग प्लेस पर पेयजल, शौचालय तथा भोजन आदि सभी आवश्यक सुविधाएं एवं धामों के लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने विशेषकर ऋषिकेश नगर निगम को अपने हॉल्डिंग प्लेस में यात्रियों हेतु बेहतरीन सुविधाओं की तत्काल व्यवस्था के निर्देश दिए हैं।

चारधाम यात्रा पर आने वाले कुछ श्रद्धालुओं द्वारा रजिस्ट्रेशन के दौरान अपनी मेडिकल हिस्ट्री की जानकारी ना देने या गलत जानकारी देने के मामलों को गम्भीरता से लेते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी स्वास्थ्य विभाग को नियमों का कड़ाई से पालन करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने 50 वर्ष से अधिक उम्र के यात्रियों की हेल्थ स्क्रीनिंग पर विशेष फोकस करने के सख्त निर्देश दिए हैं। सचिव स्वास्थ्य ने जानकारी दी कि इस बार यात्रा रूट पर 184 चिकित्सकों की तैनाती की गई है। इनमें 44 स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स हैं। इस बार श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में कैथ लैब शुरू की गई हैं। कुल 11 भाषाओं में यात्रा सम्बन्धित एसओपी जारी की गई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य जांच से लेकर तमाम सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।बैठक में पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार, प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, कमीशनर गढ़वाल विनय शंकर पाण्डेय, सचिव अरविन्द सिंह हयांकी, सचिन कुर्वे, दिलीप जावलकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# गलती को माफ करने से भी मिलते हैं कई लाभ, रिसर्च

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 16 मार्च : आपने कई बार सुना होगा कि हमें अपने मन में बातों को भर के नहीं रखना चाहिए बल्कि उन्हें लोगों के साथ बांटते हुए भूल जाना चाहिए। इसी तरह लोगों को उनकी गलतियों को लिए माफ करना और अपनी गलती की माफी मांगना भी कई मानसिक बीमारियों से बचने का एक आसान उपाय हो सकता है।

पर मनोवैज्ञानिकों की मानें, तो ऐसा करना और बातों को भूल जाना सबके लिए आसान नहीं होता। ऐसा इसलिए भी क्योंकि बहुत से लोग माफी को एक थोपने या बोझ के रूप में देखते हैं एक आवश्यकता, जिसे वे करने के लिए दबाव महसूस करते हैं। जबकि क्षमा करना बहुतों के लिए आसान नहीं है, यह एक ऐसा कौशल है जिसे सीखा जा सकता है। वहीं माफ करने के कई स्वास्थ्य लाभ भी हैं। आइए हम आपको बताते हैं इसके बारे मेंक्षमा करने से सामाजिक दर्द को कम करने में मदद मिल सकती है। कम से कम अगर



यह एसिटामिनोफेन के साथ संयुक्त है, तो आप बस इस आदत के कारण कई मानसिक बीमारियों से बच सकते हैं। सामाजिक दर्द को सामाजिक अस्वीकृति के साथ आने वाली भावना के रूप में परिभाषित किया गया है। ये अक्सर तब होता है कि जब किसी को इस बात का एहसास होता है कि लोगों के कारण उनकी जिंदगी खराब हो गई है। दुनिया उसके दर्द का जिम्मेदार है। चाहे क्षमा करना कितना भी मुश्किल क्यों न हो, पर हमें इससे पीछे हटना नहीं चाहिए। कोई मित्र आपके साथ खड़ा हो या कोई पुरानी बीमारी का निदान हो, यह कई स्वास्थ्य लाभों से जुड़ा हुआ है। अध्ययन से पता चलता है कि उनमें से 148 युवा वयस्कों के एक अध्ययन में, स्टूडेंट और उनकी टीम ने अपने तनाव के जोखिम, क्षमा करने की क्षमता और स्वास्थ्य की स्थिति को मापा। ग्रेटर स्ट्रेस की मानें जिन लोगों में माफी का निचले स्तर मिला, उनमें स्ट्रेस की मात्रा ज्यादा पाई गई। प्रत्येक खराब मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य से पीड़ित लोगों के बारे में एक चीज समान थी कि ये लोग थोड़े संकुचित और मन में ज्यादा बातें रखने वाले लोग थे। उनकी तुलना में खुले दिल वाले लोगों में बेहतर मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की बात की गई।

# पेट भर खाया खाना, बिल देखते ही मार गया लकवा'

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 16 मई : खाने-पीने के लिए हर कोई होटल या रेस्टोरेंट में जाता ही है. यहां हम अपनी ज़रूरत और बजट के मुताबिक खाना मंगाते हैं और बैठकर खाते हैं. हालांकि आज हम आपको जिस शख्स के बारे में बताने जा रहे हैं, वो खाता तो छककर था, पर बिल देने की बारी आते ही उसे लकवा मार जाता था. ऐसे एक-दो बार नहीं कुल 127 बार हुआ। अधेड़ उम्र के इस शख्स ने रेस्टोरेंट के मालिकों को भी बेवकूफ बना रखा था. वो आराम से बैठकर खाता-पीता था लेकिन जब बात आती थी पैसे देने की तो उसे ऐसा दौरा पड़ जाता है कि देखने वाले घबरा जाते थे. ऐसे में कोई बिल की बात करता ही नहीं था, बल्कि सब उसे अस्पताल या उसके घर पहुंचाने में जुट जाते थे. ये कहानी वाकई कमाल की है।

छककर खाया, बिल आते ही मार गया लकवा

शख्स ने हाल ही में डच सिटी डेल्फ्ट के एक रेस्टोरेंट में खाना खाया. रेस्टोरेंट के बारटेंडर माइक होगेव ने बताया कि करीब 58 साल का ये शख्स खाना ऑर्डर कर रहा था और इसे अपने आसपास के लोगों के साथ शेयर भी कर रहा था. खाना खत्म होने के बाद बिल आने की बारी आते-आते ही उसका बायां हाथ अजीब तरह के कांपने लगा और वो गिरने लगा, जैसे उसे लकवा मार रहा हो. जब पैरामेडिक्स वहां पहुंचे तो उन्होंने शख्स की जांच की. उनका कहना था कि उसे कोई लकवा नहीं मार रहा और उन्होंने उसे एंबुलेंस में ले जाने से मना कर दिया।

ऐसी खुली पोल...

हालांकि रेस्टोरेंट के मालिक को लगा कि शायद आदमी सच बोल रहा है. उसने उससे उसका पता पूछा तो शख्स ने जो पता बताया, वो पैरामेडिक्स को बताए पते से अलग था. ऐसे में सभी को शक हो गया. जब पुलिस को बुलाया गया, तो पता चला कि शख्स कुख्यात खाने का लुटेरा है. वो पहले भी 127 बार ऐसा कर चुका है, जिसकी शिकायत पुलिस में हुई थी।

हाल ही में दिल्ली में एक आंध्र प्रदेश से आई हुई लड़की ने ऐसा ही फ्रॉड किया. वो होटल में ठहरी हुई थी, जहां उसका बिल 6 लाख रुपये का बन गया. लड़की ने 15 दिन के सट्टे में फेक आईडी कार्ड का इस्तेमाल किया और होटल की सारी सुविधाओं का इस्तेमाल किया. उसने यूपीआई के नाम पर होटल को बेवकूफ बना दिया और बाद में पता चला कि उसके अकाउंट में सिर्फ 41 रुपये थे. पुलिस ने फिर लड़की को गिरफ्तार कर लिया।



# कहीं आपको भी नहीं है फूड एलर्जी, ऐसे लगा सकते हैं पता




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 16 मई : आपने कई बार देखा होगा कि कई लोगों को खाने की हर चीज सूट नहीं करती। या फिर आपने खुद भी एक्पीरियंस किया होगा कि कुछ फूड्स खाते ही दिक्कतें शुरू हो जाती हैं। जैसे कई लोगों को मछली या इसी तरह का सीफूड पचता नहीं है, तो किसी के दूध या डेयरी प्रोडक्ट्स के सेवन से एक्ने की समस्या शुरू हो जाती है। हालांकि, क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर फूड एलर्जी क्यों होती है।

गुरुग्राम के सीके बिरला हॉस्पिटल में इंटरनल मेडिसिन कंसल्टेंट, डॉ. ने बताया कि फूड एलर्जी हमारे इम्यून सिस्टम की प्रतिक्रिया होती है, जो किसी खास फूड आइटम को खाने के बाद पैदा होती हैं। एलर्जी पैदा करने वाले खाद्य पदार्थों का मामूली मात्रा में सेवन करने से भी तत्काल तरह-तरह के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। फूड एलर्जी के लक्षण आमतौर पर बच्चों और शिशुओं में ज्यादा होते हैं, लेकिन ये किसी भी उम्र में देखे जा सकते हैं। कई बार आपको ऐसे खाद्य पदार्थों से भी एलर्जी हो सकती है, जिन्हें आप बिना किसी दिक्कत के कई सालों से खाते आ रहे हों। फूड एलर्जी के लक्षण हल्के-फुल्के से लेकर गंभीर तक हो सकते हैं।

फूड एलर्जी के सबसे सामान्य लक्षणों में शामिल हैं:मुंह में झनझनाहट या खुजली होना पित्ती उछलना खुजलाहट होंठों पर, चेहरे, जीभ और गले या शरीर के अन्य भागों में सूजन पेट में दर्द, डायरिया, मितली या उल्टी

# हिट फिल्मों को क्यों कहते हैं 'ब्लॉकबस्टर', आखिर कैसे बना ये शब्द

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 16 मई : शोले' से लेकर 'पठान' तक, 'आराधना' से लेकर 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' तक, भारत में कई ऐसी फिल्में बनी हैं जो इतनी बड़ी हिट हुईं कि उन्हें ब्लॉकबस्टर फिल्मों की श्रेणी में रखा जाता है. इन फिल्मों ने ऑडियंस का खूब मनोरंजन किया, इनकी वजह से समाज में एक ट्रेंड शुरू हो गया और इन्होंने पैसे भी खूब कमाए. पर फिल्मों से इतर, क्या कभी आपने सोचा है कि आखिर फिल्मों को 'ब्लॉकबस्टर' क्यों कहते हैं, ये शब्द आखिर बना कैसे? हमारा दावा है कि शायद ही किसी को इसका जवाब पता होगा. अगर आपको मालूम है, तब तो आप पक्का फिल्मों के बहुत शौकीन हैं, लेकिन अगर नहीं, तो आज हम आपको बताने जा रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आज के वक्त में 'ब्लॉकबस्टर' शब्द भले ही फिल्मों से जुड़ा हो, पर पुराने जमाने में, ये शब्द जंग से जुड़ा था. इस शब्द के तार 1940 के दौर से जुड़े हैं, जब दूसरा विश्व युद्ध जारी था. टाइम मैगजीन के 29 नवंबर 1942 के एक आर्टिकल में ये शब्द सबसे पहले लोगों के सामने आया था. ये लेख अलाइड फोर्स द्वारा इटली के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों पर किए गए हमलों के बारे में था

इस मिशन के लिए जिस बम का प्रयोग



किया जा रहा था, उसे 'ब्लॉकबस्टर' कहा जाने लगा. ऐसा इसलिए क्योंकि ये बम इतने ज्यादा शक्तिशाली थे एक शहर के ब्लॉक, यानी हिस्से को उड़ा देने के काबिल थे. ब्रिटिश द्वारा बमों को बराबर गिराया जाने लगा और बमों का ये निक-नेम प्रचलित होता चला गया. बस तभी से ये नाम अमेरिका में फैल गया और इसे किसी भी तरह के शॉकिंग और धमाकेदार चीज या घटना के लिए इस्तेमाल किया जाने लगा. टाइम पत्रिका में भी ये बदलाव दिखने लगा था, क्योंकि मैग्जीन, शॉकिंग खबरों को ब्लॉकबस्टर की तरह ही संबोधित करती थी.

टाइम मैग्जीन ने सबसे पहले 9 मई 1943 को ब्लॉकबस्टर शब्द किसी बम के लिए नहीं, बल्कि फिल्म के लिए किया. ये शब्द, उस फिल्म की कमाई, या बॉक्स-ऑफिस के रिव्यू पर नहीं, बल्कि फिल्म की कहानी को लेकर इस्तेमाल किया गया था. ये फिल्म थी 'मिशन टू मॉस्को', जो जोसफ डेविस नाम के एक व्यक्ति की किताब पर आधारित थी, जो 1936 से 1938 तक सोवियत संघ में अमेरिका के उच्चायुक्त के तौर पर तैनात थे. कुछ ही वक्त में अलग-अलग पत्र-पत्रिकाओं ने इस शब्द को अपने लेखों में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया था.

# चारधाम आने से पहले जरूर कराएं पंजीकरण : विनय शंकर पांडेय, आयुक्त

## गढ़वाल आयुक्त ने मीडिया सेंटर सचिवालय में चारधाम यात्रा को लेकर की जा रही व्यवस्थाओं की दी जानकारी

- सुगम व सुरक्षित यात्रा के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कर रहे हैं लगातार मॉनिटरिंग
- यात्रियों की स्वास्थ्य जांच के लिए ऋषिकेश में स्क्रीनिंग के इंतजाम के साथ ही पूछी जा रही है मेडिकल हिस्ट्री

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 16 मई : गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने चारधामों में राज्य सरकार की ओर से की गई तैयारियों व व्यवस्थाओं को लेकर सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में सुगम व सुरक्षित यात्रा के संचालन के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि हर श्रद्धालु को दर्शन का लाभ मिले। हमें इसी में संतुलन बनाकर चलना है कि श्रद्धालुओं की यात्रा भी सुरक्षित हो और उन्हें दर्शन का लाभ भी मिले।

गढ़वाल आयुक्त ने बताया कि चार धामों में 14 मई तक ऑनलाइन कुल 26 लाख 73 हजार 519 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। गंगोत्री में 4 लाख 21 हजार 366, यमुनोत्री में 4 लाख 78 हजार 576, श्री बद्रीनाथ धाम में 9 लाख सात हजार 60 और केदारनाथ धाम में कुल 8 लाख 13 हजार 558 जबकि श्री हेमकुंड साहिब के लिए 59,312 पंजीकरण हो चुके हैं। इसके अलावा हरिद्वार एवं ऋषिकेश में 8 से 14 मई तक ऑफलाइन के माध्यम से कुल 1,42,641 पंजीकरण हुए हैं। उन्होंने बताया कि यमुनोत्री में 59,158, गंगोत्री में 51,378, केदारनाथ में 1,26,306 व बद्रीनाथ धाम में 39,574 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।

पहले दिन, पिछले वर्ष की तुलना में कहीं अधिक संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

गढ़वाल आयुक्त ने कहा कि यह देवभूमि उत्तराखंड का सौभाग्य है कि इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं। इसके साथ-साथ कुछ चुनौतियां भी होती हैं, जिसके लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यमुनोत्री धाम में पांच किमी का रास्ता बेहद संकरा है और यहां पर एक समय में सीमित संख्या में ही लोग आवागमन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि गत वर्ष जब कपाट खुले थे तो कुल 6,838 श्रद्धालु आए थे जबकि इस वर्ष कपाट खुलने वाले दिन 12,193 यात्री आये। इसी तरह केदारनाथ धाम में गत वर्ष कपाट खुलने पर 18,335 तो इस वर्ष लगभग 29 हजार श्रद्धालु मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में कहीं ज्यादा श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जिस कारण कुछ परेशानियां हो रही हैं, लेकिन इन्हें भी दूर करने के लिए पर्याप्त कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यमुनोत्री धाम के जानकी चट्टी में कुल 15,455 श्रद्धालु थे जिनमें से आज सुबह 10 बजे तक कुल 4 हजार दर्शन भी कर चुके थे। गंगोत्री में 3902, केदारनाथ में सुबह 10 बजे तक 8194 एवं बद्रीनाथ में 4518 ने दर्शन किये।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता, यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर सुरक्षित स्थानों पर ठहराया जा रहा

गढ़वाल मंडल आयुक्त ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और उनको सुरक्षित वापस पहुँचाना राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने



बताया कि यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर कुछ यात्रियों को यमुनोत्री व गंगोत्री मार्ग पर ठहराया भी जा रहा है। सूखी टॉप से लौटते समय व गंगनानी से आगे गेट सिस्टम लागू किया गया है। यहां पर सिंगल रोड है इसलिए भी ठहराव की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन की ओर से तमाम वीडियोज भी शेयर किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है और हम अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं देने का प्रयास कर रहे हैं।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिए गए अहम निर्णय, बगैर रजिस्ट्रेशन यात्रा न करें श्रद्धालु, बिना रजिस्ट्रेशन वाले यात्रियों को ले जाने पर संबंधित वाहनों के परमिट भी होंगे सस्पेंड उन्होंने बताया कि आज सुबह सचिवालय में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में एक बैठक हुई जिसमें यह तथ्य सामने आया कि ऑफलाइन पंजीकरण में जिन लोगों को उदाहरण के तौर पर 20,21,22 मई के लिए पंजीकरण कराया गया था, उनके द्वारा भी पहले ही यात्रा कर ली जा रही है। इस कारण भी श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव ने निर्देश दिये हैं कि आज से स्थानीय स्तर पर आरटीओ एवं जिला प्रशासन की टीमें सख्ताई से चेकिंग करेंगी। साथ ही इस बात का भी पूरा ख्याल रखा जाएगा कि चेकिंग के चलते यातायात व्यवस्था बाधित न हो। अगर कोई टूर ऑपरेटर पंजीकरण वाले दिनों से इतर यात्रियों को ले जाते हुए मिलता है तो यात्रियों को होल्ड करने के साथ ही वाहनों के परमिट भी सस्पेंड किये जायेंगे। साथ ही एक एडवाइजरी अन्य राज्यों को भी जारी करने के लिए कहा जा रहा है कि वह लोगों से अपील करें कि रजिस्ट्रेशन उपरांत यात्रा करें। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन पौड़ी और टिहरी को भी यात्रा रूट पर होल्डिंग एरियाज को चिन्हित करने के निर्देश दिए गए हैं। जहां वाहनों की पार्किंग की भी पर्याप्त व्यवस्था हो और श्रद्धालुओं को भोजन पानी सब उपलब्ध कराया जाए। जो श्रद्धालु अपने से बाजार आदि जाना चाहता है उन्हें इसकी अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को चाहिए कि बगैर रजिस्ट्रेशन के यात्रा न करें। जिनके पंजीकरण बाद के हैं वे उसी समय यात्रा करें।

बल्क मैसेज से दी जा रही जानकारी

गढ़वाल आयुक्त ने बताया कि बल्क एसएमएस के माध्यम से होल्ड रेश्यो की जानकारी दी जा रही है, की उन्हें कितनी देर और रुकना होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी यात्रा व्यवस्था को लेकर बेहद गंभीर हैं और उनके द्वारा लगातार अधिकारियों को निर्देश दिए जा रहे हैं। सचिव मुख्यमंत्री आर मीनाक्षी सुंदरम को उत्तरकाशी में कैम्प करने के निर्देश दिए गए हैं। व्यवस्था बनाने के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है

श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग को किये गए हैं पर्याप्त इंतजाम

उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच संबंधी स्क्रीनिंग के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से ऋषिकेश में इसका जायजा लिया है। जो भी श्रद्धालु आ रहे हैं, उन्हें स्क्रीनिंग के लिए पर्ची प्रदान की जा रही है। साथ ही उन्हें एक फॉर्म भी दिया जा रहा है जिसमें उनसे उनके स्वास्थ्य संबंधी हिस्ट्री पूछी जा रही है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को भी चाहिए कि वे अपनी स्वास्थ्य के बारे में पूरी जानकारी प्रदान करें। यह चारों ही धाम हाई एल्टीट्यूड में हैं जहां एकाएक गर्म स्थानों से आये लोगों को परिस्थितियों में ढलने में दिक्कत होती है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग कि ओर से कुल 14 भाषाओं में स्वास्थ्य एडवाइजरी भी जारी की गई है। उन्होंने बताया कि अब तक अलग अलग स्थानों पर 11 लोगों की मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई है। गढ़वाल आयुक्त ने कहा कि केदारनाथ धाम के लिए 18 हजार प्रतिदिन व यमुनोत्री में 8 हजार श्रद्धालु प्रतिदिन के लिहाज से पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के अनुरूप यात्रा सुरक्षित और सुगम तरह से चले यह सुनिश्चित किया जा रहा है।

# दुनिया में पहाड़ का दम दिखायेंगे अल्मोड़ा के शुभम

## साउथ एशिया बॉडीबिल्डिंग में जीत चुके हैं पदक



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा 16 मई : बॉडी बिल्डर शुभम महरा का इस वर्ष मलेशिया और मालद्वीप में होनी वाली एशिया बॉडी बिल्डिंग और विश्व बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे।

उत्तराखंड के होनहार बेटे शुभम मेहरा ने गत वर्ष टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करते हुए मालदीव में साउथ एशिया बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में यह पदक हासिल करके पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया था। अब एक बार फिर से अल्मोड़ा के शुभम का चयन भारतीय टीम के लिए 75 किग्रा वर्ग में हुआ है उन्होंने इंडियन बॉडी बिल्डिंग फेडरेशन (IBBF) द्वारा केरल के कोच्चि शहर में आयोजित 24वीं बॉडी बिल्डिंग इण्डियन टीम चयन ट्रायल दिया था। हुए वे मालद्वीव में होने वाली विश्व बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप और मलेशिया में होने वाली एशियाई बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।शुभम मूल रुप से बागेश्वर जनपद के कौसानी के रहने वाले है तथा वर्तमान में अल्मोड़ा के पूर्वी पोखरखाली मोहल्ले में रहते हैं। उनके पिता डॉ. महेंद्र सिंह महरा हरिदत्त पेटशाली इंटर कालेज चितई में प्रधानाचार्य के पद कर कार्यरत हैं तथा उनकी माता संगीता महरा राजकीय जूनियर हाईस्कूल गिरचोला में शिक्षिका हैं। उनकी एक बहन हैं जो आईटी सेक्टर में कार्य करती हैं। शुभम की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### दुर्घटना में घायल की अस्पताल में मौत

रुड़की। तुगलपुर खानपुर निवासी प्रदीप कुमार पुत्र सुखवीर सिंह ने मंगलवार को कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनका जीजा सुरेंद्र पुत्र साधूराम निवासी सीमली लक्सर एक स्थानीय कंपनी में कर्मचारी था। 23 अप्रैल की रात 10 बजे वह ड्यूटी कर साइकिल से सीमली लौट रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन उसे टक्कर मारकर भाग गया था। सुरेंद्र को लक्सर सीएचसी से हरिद्वार और हरिद्वार से देहरादून रेफर किया गया था। तब से वह सीएमआई देहरादून में भर्ती था। गत दिवस अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। स्थानीय पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम भी कराया था। कोतवाल राजीव रौथाण ने बताया कि तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस की एक टीम घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखकर दुर्घटना के जिम्मेदार वाहन की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

### बोर्ड परीक्षा में मेरिट वाले छात्रों को किया सम्मानित

रुड़की। बोर्ड परीक्षा की मेरिट में स्थान बनाने वाले नारसन ब्लॉक के आठ विद्यार्थियों और विद्यालयों के प्रधानाचार्य को बुधवार को मुख्य शिक्षा अधिकारी ने पुरस्कृत किया। नारसन विकासखंड के ग्राम कुरड़ी स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य शिक्षा अधिकारी केके गुप्ता ने विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन को शुभकामनाएं दीं। सभी को सीईओ ने स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### पांच आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज

रुड़की। पिछले माह 25 अप्रैल को ईंट भट्टे से ईंटों के रुपयों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। इसमें एक पक्ष के एक युवक को आरोपियों ने घेर कर मारपीट की थी। घायल युवक अभी भी हायर सेंटर में उपचाराधीन है। बुधवार को पीड़ित पक्ष द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। गांव लहबोली निवासी शहराज अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही महताब पर उसकी ईंटों के 70 हजार रुपये बकाया हैं। जिसे वह लगातार मांग रहा था लेकिन आरोपी रुपये देने के लिए तैयार नहीं था।

### सफाई कर्मियों का नौवें दिन भी जारी रहा धरना

रुड़की। अखिल भारतीय मजदूर परिषद यूनियन के बैनर तले नौवें दिन बुधवार को भी सफाई कर्मचारियों काधरना जारी रहा। पाड़ली गुर्जर नगर पंचायत के ये सफाई कर्मचारी वेतन की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नरेश घोघलिया ने बताया कि कुछ सफाई कर्मचारियों को धरना समाप्त करने के लिए डराया धमकाया जा रहा है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# उत्तराखंड : पंतनगर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप अलर्ट जारी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




उधमसिंह नगर 16 मई : पंतनगर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने से एएआई मुख्यालय से लेकर पंतनगर एयरपोर्ट तक हड़कंप मच गया। जिसके बाद तत्काल सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट कर पुलिस प्रशासन और बम निरोधक दस्ते को सूचना दी गई।कुछ दिन पूर्व दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कुछ नामी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी लेकिन अब उत्तराखंड के पंतनगर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है।

जिसके बाद से अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है और सूचना मिलते ही एयरपोर्ट प्रशासन भी अलर्ट हो गया है। एयरपोर्ट पर लगातार चेकिंग की जा रही है और वाहन पार्किंग के बजाय परिसर से बाहर खड़े हो रहे हैं। यहाँ पर सिडकुल में लगभग 350 से अधिक कंपनियां हैं और एयरपोर्ट के पास करीब 100 मीटर पर गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्विद्यालय भी है। जिसके बाद सभी को अलर्ट किया जा चुका है।

पंतनगर एयरपोर्ट के निदेशक को बीते दिन एयरलाइंस दिल्ली कार्यालय से सूचना मिली कि उन्हें पंतनगर एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी मेल से मिली है। जिसके बाद से पंतनगर एयरपोर्ट को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। एयरपोर्ट के निदेशक ने इस मामले की सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी है और साथ ही एयरपोर्ट पर सुरक्षा कर्मी सक्रिय हो गए हैं। सवारियों की प्रवेश करने से पहले उनकी चेकिंग की जा रही है। एयरपोर्ट प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है और सुरक्षा कर्मियों को चौकन्ना कर दिया गया है।

बम से उड़ाने की सूचना प्राप्त होते ही एयरपोर्ट अथॉरिटी ने तत्काल सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट कर पुलिस प्रशासन और बम निरोधक दस्ते को सूचना दी।

सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ते ने एयरपोर्ट परिसर, टर्मिनल बिल्डिंग, रनवे और आवासीय परिसर की सघन तलाशी ली। लगभग तीन घंटे चली इस कार्रवाई में टीम को एयरपोर्ट में कोई भी अवांछनीय वस्तु नहीं मिली, जिससे अधिकारियों ने राहत की सांस ली। हालांकि मामले की गंभीरता को देखते हुए, अब त्रिस्तरीय चेकिंग (मुख्य प्रवेश द्वार, टर्मिनल बिल्डिंग प्रवेश द्वार, और बोर्डिंग के समय स्क्रीनिंग) के साथ-साथ सामान की जांच को भी बढ़ा दिया गया है।

# देहरादून : रिस्पना नदी के किनारे बसे 525 मकानों को 30 जून तक हटाने के आदेश

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




देहरादून 16 मई : 27 बस्तियों में बसे 525 मकानों को नहीं मिली राहत नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने नगर निगम के पक्ष को नकार दिया है और हर हाल में इन अवैध बस्तियों को खाली करने के निर्देश दिए हैं। राजधानी में हर तरफ अवैध अतिक्रमण की संख्या लगातार बढ़ रही है।

शहर में कुछ जगह अतिक्रम ऐसी जगह पर हुए हैं जहाँ पर फ्लड प्लेन जोन है। ऐसे में बरसात के समय पर इन सभी घरों को खतरा है। इसलिए पूर्व में एनजीटी ने नदी किनारे अवैध अतिक्रमण चिह्नित करने के आदेश दिए थे। फिर नगर निगम ने नदी किनारे सर्वे कर 27 बस्तियों में 525 मकानों को चिह्नित किया और इसकी रिपोर्ट एनजीटी में प्रस्तुत की।

रिपोर्ट को देखते हुए एनजीटी ने 13 मई को सुनवाई हुई जिसमें नगर आयुक्त गौरव कुमार ने अपना पक्ष रखा। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद एनजीटी ने नगर निगम स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिन बस्तियों को आपने चिन्हित किया हैं उन्हें 30 जून तक हर हाल में हटाना होगा। एनजीटी ने नगर निगम से नदी के फ्लड जोन के बारे में भी जानकारी ली और फ्लड प्लेन जोन का चिह्नीकरण हर हाल में कराने को कहा है, अगली सुनवाई अब 24 जुलाई को होगी।

# OMG : 87 बार शादी कर चुका हैं ये शख्स, बच्चों की कोई गिनती नहीं

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



ब्यूरो रिपोर्ट 16 मई : शादी का फैसला हर इंसान सोच-समझ कर लेता हैं क्योंकि यह जीवन में एक बार ही होती हैं। हालांकि कुछ लोगों की जिंदगी में यह एक बार से ज्यादा भी होती हैं। लेकिन आज हम आपको एक ऐसे शख्स के बारे में बताने जा रहे हैं जो इतनी बार शादी कर चुका हैं जो आम आदमी की सोच से भी परे हैं। हम बात कर रहे हैं इंडोनेशिया के एक शख्स की जो अब तक 87 बार शादी कर चुका हैं और 88वीं की तैयारी चल रही हैं। आपको लग रहा होगा कि हम झूठ बोल रहे हैं, लेकिन यह बात बिलकुल सच हैं। हम बात कर रहे हैं इंडोनेशिया के पश्चिम जावा में माजा लींगका के कान की जो 61 साल की उम्र में 88वीं बार शादी करने जा रहे हैं। इतनी ज्यादा बार शादी करने के कारण लोग इन्हें प्लेबॉय किंग कहते हैं। मजे की बात तो ये है कि इस बार वो जिनसे शादी करने जा रहे हैं वो उनकी एक्स वाइफ है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक इससे पहले जब कान ने इस महिला से शादी की थी तो वह एक ही महीने चली थी। अपनी पूर्व पत्नी को लेकर उन्होंने कहा कि भले ही हमें अलग हुए काफी समय हो गया है, लेकिन हमारे बीच प्यार अभी भी मजबूत है यही वजह है कि हम एक बार फिर से शादी कर रहे हैं

आपको जानकर हैरानी होगी कि कान की सबसे पहले शादी 14 साल की उम्र में की थी और उस समय उनकी पहली पत्नी उनसे दो साल बड़ी थी। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया कि मेरे खराब रवैया के कारण मेरा रिश्ता ज्यादा लंबा नहीं टिक पाया और शादी के दो साल बाद मेरा तालाक हो गया। इस घटना के बाद कान को बड़ा गुस्सा आया और इसके बाद ही उन्होंने एक पर एक शादी करनी शुरू कर दी। कान ने यह भी कहा, 'मैं ऐसा काम नहीं करना चाहता जो महिलाओं के लिए अच्छा न हो। मैं उनकी भावनाओं से खेलने से भी इनकार करता हूं और अनैतिक रिश्ते से अच्छा है कि मैं उनसे शादी कर लूं। आपको जानकर हैरानी होगी कि कान ने भले ही इतनी शादी की हो लेकिन उनके कितने बच्चे इसकी कोई जानकारी नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### नरेश ने भाजपा से मेयर पद की दावेदारी की

रुड़की। पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश शर्मा ने भाजपा से मेयर पद के टिकट पर अपनी दावेदारी पेश की है। इस संबंध में बुधवार को रामपुर रोड स्थित कैंप कार्यालय पर समर्थकों के साथ बैठक की और समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि पिछले कई चुनावों में रुड़की नगर निगम सीट से भाजपा प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा है। लेकिन इस इस बार भाजपा को जीत मिलेगी।

### नव विवाहित जोड़े ने पुलिस से सुरक्षा मांगी

रुड़की। प्रेम विवाह के बाद नव विवाहित जोड़ा बुधवार को कोतवाली पहुंचा और पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। रुड़की कोतवाली क्षेत्र के युवक ने एक युवती से कुछ दिन पूर्व प्रेम विवाह किया है। इससे उनके परिवार के लोग नाराज हैं। हालांकि युवक ने तो अपने परिवार को किसी तरह राजी कर लिया लेकिन युवती के परिवार ने प्रेम विवाह को मंजूर नहीं किया है।

### रंजिश के चलते की गई मारपीट में मुकदमा

रुड़की। कोतवाली क्षेत्र के गांव नारसन कलां निवासी राजपाल ने बुधवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के कुछ लोग उससे और उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। आरोपियों ने नौ मई की शाम को उसके बेटे अमित कुमार रास्ते में रोक कर अभद्रता की। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया

रुड़की। रुड़की के पनियाला गांव निवासी राजपाल, धर्मपाल और वीरेंद्र सिंह ने एसडीएम लक्सर गोपाल सिंह चौहान को शिकायती पत्र देकर बताया कि लक्सर के कान्हावाली गांव में उनकी कुछ खेती की जमीन है। लेकिन पड़ोसी किसानों ने इसकी मेड़ तोड़कर उनकी जमीन के काफी हिस्से पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने पूरे रकबे की पैमाइश कराकर अपनी जमीन कब्जा मुक्त करने की मांग की है। एसडीएम ने हल्का लेखपाल से मौके का निरीक्षण कर आख्या मांगी है।

### दुर्घटना में घायल की अस्पताल में मौत

रुड़की। तुगलपुर खानपुर निवासी प्रदीप कुमार पुत्र सुखवीर सिंह ने मंगलवार को कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनका जीजा सुरेंद्र पुत्र साधूराम निवासी सीमली लक्सर एक स्थानीय कंपनी में कर्मचारी था। 23 अप्रैल की रात 10 बजे वह ड्यूटी कर साइकिल से सीमली लौट रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन उसे टक्कर मारकर भाग गया था। सुरेंद्र को लक्सर सीएचसी से हरिद्वार और हरिद्वार से देहरादून रेफर किया गया था। तब से वह सीएमआई देहरादून में भर्ती था। गत दिवस अस्पताल में इलारज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। स्थानीय पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम भी कराया था। कोतवाल राजीव रौथाण ने बताया कि तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस की एक टीम घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखकर दुर्घटना के जिम्मेदार वाहन की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

### सप्ताहिक ट्रेनें लेट चलने से यात्री परेशान

रुड़की। शंभु बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन के कारण ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो रहा है। इसके चलते हरिद्वार, अमृतसर, हरिद्वार जन शताब्दी एक्सप्रेस व हरिद्वार, श्रीगंगा नगर, हरिद्वार इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन बुधवार को 29वें दिन भी दोनों तरफ से रद्द रही। इसके चलते सप्ताह में एक या दो दिन चलने वाली ट्रेन बुधवार में ज्यादा लेट हुई। सोमवार को हुब्बलीगंज से योगनगरी ऋषिकेश की समर स्पेशल 8 घंटे, मंगलवार, शुक्रवार में विशाखापत्तनम से अमृतसर जाने वाली हीराकुंड एक्सप्रेस 7 घंटे, बुधवार में अमृतसर से लालकुंआ की लालकुंआ वीकली एक्सप्रेस 4 घंटे, मंगलवार, शनिवार में वाराणसी से बठिंडा जाने वाली समर स्पेशल 3 घंटे, रविवार, बुधवार में अमृतसर से सहरसा की गरीब रथ एक्सप्रेस 4.30 घंटे, मंगलवार रात में जम्मूतवी से भागलपुर जाने वाली अमरनाथ एक्सप्रेस 6 घंटे, मंगलवार को गुआहाटी से जम्मूतवी की समर स्पेशल एक्सप्रेस 11 घंटे बुधवार में श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा से कामाख्या जाने वाली कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन 3 घंटे और मंगलवार, शनिवार में कोचुवैली से चंडीगढ़ की संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन 2 घंटे की देरी से चली।

# उत्तराखंड : शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार 2024 के लिए आवेदन शुरू

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 16 मई : शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए इस योजना की शुरुआत हुई थी। जिन शिक्षकों को यह पुरस्कार मिलता है उन्हें धनराशि और प्रशस्ति पत्र के साथ शिक्षक की इच्छा पर दो साल का सेवा विस्तार भी दिया जाता है।

अक्सर प्रदेश के सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था पर उंगलियां उठती हैं, जनता आरोप लगाती है कि इतना वेतन लेने के बाद भी सरकारी शिक्षक बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध नहीं करवाते हैं। जिसके चलते उत्तराखंड सरकार ने राज्य की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ-साथ-साथ शिक्षकों को मोटिवेटेड रखने के लिए 'शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार' का शुभारम्भ वर्ष 2021 में किया था। जिसके तहत शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले शिक्षकों को चिन्हित कर सम्मानित किया जाता है। वर्ष 2024 के लिए भी इसकी आवेदन प्रक्रिया 15 मई से शुरू हो गई आदेश शिक्षा विभाग ने जारी कर दिए हैं और 10 जुलाई अंतिम तिथि होगी।

प्रत्येक साल राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तमाम शिक्षकों को 'शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार' नवाजा जाता है।

पिछले साल 2023 में सरकार ने प्रदेश के 17 शिक्षकों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया था। जिसमें 11 शिक्षक प्रारंभिक शिक्षा, 5 शिक्षक माध्यमिक शिक्षा और 1 शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के शामिल थे। सम्मानित शिक्षकों को न सिर्फ पुरस्कार दिया जाता है बल्कि धनराशि, प्रशस्ति पत्र और शिक्षक की इच्छा पर ही उन्हें दो साल का सेवा विस्तार भी दिया जाता है।






# Kedarnath Yatra 2024 : रील बनाते हुए युवकों की हुई पिटाई भक्त कम यूट्यूबर ज्यादा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग 16 मई : इस वर्ष कपाट खुलते ही यात्रियों की भीड़ ने पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए मगर जो हाथ भगवान की आस्था के लिए उठने थे उन हाथों में अब मोबाइल फोन नज़र आते हैं। बीते वर्ष जब रील्स बनाने वालों ने हदें पार कर दी थी तो मंदिर समिति द्वारा वीडियो/फोटोग्राफी प्रतिबंधित के बोर्ड लगे थे लेकिन इस बार वो कहीं नहीं दिख रहे। प्रशासन को इस बार भी कड़े प्रतिबन्ध लगाने चाहिए।

उत्तराखंड में चारों धामों के कपाट खुल चुके हैं लेकिन बताया जा रहा है कि साल 2013 की आपदा के बाद से यहाँ पर सच्ची आस्था रखने वाले भगतों में कमी देखने को मिली है और दूसरी तरफ रील्स बनाने और फोटो खिंचवाने वाले भक्तों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। पिछले सीजन में कई प्रकार की अनुचित रील्स वायरल हुई थी जिसके बाद मंदिर समिति ने रील्स न बनाने वाले और मर्यादित कपड़े पहनने वाले बोर्ड लगाये थे, लेकिन इस बार ऐसा कुछ नहीं दिख रहा। रील्स बनाने वाले भक्तों की भरमार है।





सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेज़ी से वायरल हुआ जिसमें कुछ युवक यात्री ढोल बजाते हुए तेज ध्वनि में नाच रहे थे और वीडियो भी बना रहे थे। लेकिन जैसे ही मंदिर समिति को इसका पता चला तो उन्होंने तुरंत उनके सामन को फेंकते हुए उन्हें यहाँ ये सब करने से मना किया और अन्य यात्रियों को भी सन्देश दिया है कि धाम में सिर्फ दर्शन के लिए ही आएं न कि सोशल मीडिया पर दिखावा करने के लिए।

तीर्थ पुरोहितों ने बताया कि आपदा से पहले यात्रा में अधिकांशतः बुजुर्ग यात्री आते थे लेकिन आपदा आने के बाद यात्री भक्ति से कम और पर्यटन की दृष्टि से आ रहे हैं। यात्रा के लिए लाखों लोगों ने रजिस्ट्रेशन तो करवाया है लेकिन वर्तमान में यात्रा तीर्थाटन के बजाय पर्यटन का रूप धारण कर रही है। यात्रा को लेकर पौराणिक परंपराएं समाप्त हो रही हैं। मंदिर समिति, सरकार और तीर्थ पुरोहितों को तीर्थाटन पर ध्यान देना चाहिए और लोगों को तीर्थ की मर्यादा का ख्याल रखना चाहिए।

# उत्तराखंड : पुलिस कॉन्स्टेबल से लेकर दरोगा तक के पदों का बदलेगा फिजिकल, आसान होगी प्रक्रिया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 16 मई : सरकार ने वर्दीधारी पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया के मानकों में बदलाव करने का फैसला लिया है। क्योंकि वर्तमान समय में वर्दीधारी पदों पर नियुक्ति के लिए शारीरिक परीक्षा के मानक काफी मुश्किल है जिस कारण अधिकतर अभ्यर्थियों को परीक्षा पास करने में असमर्थता होती है।

कमेटी गठित होने के बाद जल्द ही इसमें फैसला आएगा।सरकार वर्दीधारी पदों के लिए शारीरिक परीक्षा के मानक में बदलाव करने जा रही है। जिससे अभ्यर्थियों को फायदा मिलेगा। अभ्यर्थियों को फिजिकल में दिक्कत आ रही है जिससे भर्तियों में रिक्त पदों पर नियुक्ति करना मुश्किल हो रहा है। कुछ समय पूर्व प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के लिए आयोजित शारीरिक परीक्षा में रिक्त पदों को भरना मुश्किल हो गया था। जिसके बाद नियुक्ति प्रक्रिया और मानकों पर सवाल उठने लगे और मुद्दा जोर-शोर से उठा तो सरकार का ध्यान भी इस तरफ गया और फिर शारीरिक परीक्षा के कड़े मानकों को आसान किए जाने पर चर्चा शुरू हो गई।





धामी सरकार ने फैसला लिया है कि जल्द ही इस मामले में रणनीति तैयारी होगी और उत्तराखंड में पुलिस कॉन्स्टेबल से लेकर दरोगा तक की भर्ती में बदलाव किया जायगा।

व्यायाम प्रशिक्षक भर्ती के पद भी शारीरिक परीक्षा के कड़े मानकों के कारण खाली पड़े हैं। मामला उछाल पकड़ने पर कार्मिक विभाग ने विचार शुरू किया और प्रत्येक विभागों से वर्दीधारी पदों पर आयोजित होने वाली शारीरिक परीक्षा के मानकों पर जरूरी सुधार के लिए सुझाव मांगे गए हैं। इसमें वन विभाग के तहत फॉरेस्ट गार्ड, वन दरोगा, स्केलर, आबकारी और परिवहन विभाग में प्रवर्तन सिपाही के साथ ही पुलिस विभाग के तहत सिपाही और दरोगा के पदों के लिए शारीरिक परीक्षा के मानकों में बदलाव हो सकते हैं। इसके लिए एसीएस आनंद वर्धन की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया जा रहा है।

## युवक पर नाबालिग को भगाने का आरोप

रुड़की। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने उसकी नाबालिग पुत्री को भगाकर ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया है कि एक युवक उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। थाना प्रभारी दिलबर सिंह नेगी ने बताया है पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने ग्राम पडोवाली कोतवाली लक्सर निवासी युवक के खिलाफ अपहरण में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## न्यायाधीश सुल्तान को दी विदाई


रुड़की। रुड़की एडवोकेट एसोसिएशन के द्वारा न्यायाधीश मोहम्मद सुल्तान का देहरादून स्थान्तरण होने पर बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन सिविल कोर्ट रामनगर में किया गया। बार अध्यक्ष चौधरी लिल्लू सिंह एवं सचिव चौ. राजीव सिंह ने उनको गुलदस्ता देकर और शाल उढ़ाकर सम्मानित किया। चौ. लिल्लू सिंह ने कहा की न्यायाधीश मोहम्मद सुल्तान का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा हैं। उन्होंने हमेशा अधिवक्ता को पूर्ण सहयोग दिया। उन का व्यवहार हमेशा मुधर रहा। उनको रुड़की बार का हर अधिवक्ता हमेशा याद रखेगा। इस अवसर पर अधिवक्ता राव मुनफैत अली, चौ. अमरपाल सिंह, बलबीर सिंह, जावेद फारूख, अतुल शर्मा, प्रवीण तोमर, जावेद अख्तर, धीरेन्द्र पाल, रशीद अली, मुसवर अली, सुजीत कुमार, महबूब हसन, शिव कुमार सैनी, अयुष त्यागी, राव फैजान, अजय शर्मा, वाजिद अंसारी, मौ. तरीक आदि उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट शिफ्टिंग पर पूर्व गवर्नर कोश्यारी का फूटा गुस्सा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 16 मई : नैनीताल से हाईकोर्ट शिफ्टिंग के मुद्दे पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र और गोवा के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र भेजा है। कोश्यारी का कहना है कि वह कानून के विद्यार्थी तो नहीं हैं लेकिन लंबे समय तक संसद और विधान मंडल सदस्य में रहे हैं और इतना जानते हैं कि राज्य की कौन संस्था, विभाग कहां रहे इसका निर्णय संसद या विधान मंडल ही करते आए हैं। यदि न्यायालय इस संबंध में निर्णय लेने लगेंगे तो पीआईएल कर्ता किसी भी विभाग, जिला व तहसील आदि की मांग को लेकर न्यायालय पहुंच जाएंगे व इसमें संविधान द्वारा केंद्र या प्रदेश सरकारों को दिए गए अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप की संभावना बढ़ जाएगी।





पत्र में उन्होंने हाईकोर्ट के लिए जनमत संग्रह जैसी प्रथा से बचने का भी सुझाव दिया है। कहा है कि यदि ऐसा हुआ तो भविष्य में इसके दुरूपयोग की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। कोश्यारी ने हाईकोर्ट को शिफ्ट करने के मुद्दे पर 13 मई को सीएम धामी को पत्र भेजने की पुष्टि की। पत्र में कहा है कि हाईकोर्ट ने उच्च न्यायालय को नैनीताल से अन्यत्र स्थानांतरित करने के लिए नए स्थान खोजने के निर्देश दिए हैं। कहा है कि राज्य बनाते समय विचार विमर्श के बाद देहरादून को तात्कालिक राजधानी और नैनीताल में उच्च न्यायालय बनाने का निर्णय लिया गया। नैनीताल में अंग्रेजों के समय से ही राजभवन, सचिवालय आदि बनाए गए हैं, यह उत्तर प्रदेश की गर्मियों की राजधानी के रूप में भी प्रयुक्त होता रहा है किंतु नए राज्य में नैनीताल को राजधानी बनाने से मंत्रियों, विशिष्ट जनों की अधिकता से स्थानीय पर्यटन व जनजीवन को बाधा पहुंचने की संभावना को देखते हुए यहां क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखकर हाईकोर्ट की स्थापना की गई।

पत्र में कहा गया है कि जहां तक नैनीताल हाईकोर्ट को अन्यत्र शिफ्ट करने का प्रश्न है, उनकी जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार इससे पहले से ही सहमत है। यह भी कहा है कि उच्च न्यायालय ने अपने निर्देश में स्वयं कहा है कि (निर्देश संख्या 13 एवं 14 डी) हाईकोर्ट की फुल बैंच ने गौलापार हल्द्वानी में कोर्ट को स्थापित करने की प्रक्रिया पर सहमति दी थी।

**वैकल्पिक स्थान खोजने से निर्देश से फैलेगा असंतोष**

कोश्यारी की ओर से सीएम को भेजे पत्र के बिंदु संख्या छह में कहा है कि शासन प्रशासन ने इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए गौलापार में लगभग 26 बीघा जमीन का चयन कर वन विभाग से अनापत्ति के लिए प्रक्रिया पूरी कर ली है तथा केंद्रीय वन एवं पर्यावरण विभाग से इस पर विचार कर 26 बीघा जमीन को अधिक बताते हुए इसे कुछ कम करने के लिए प्रदेश सरकार को निर्देशित किया गया है।

इसमें क्षतिपूर्ति के लिए वन विभाग ने अन्यत्र वन लगाने के लिए जमीन का भी चयन कर लिया है। कोश्यारी का कहना है कि अब ऐसे में अन्यत्र वैकल्पिक स्थान ढूंढने के लिए दिए गए निर्देश से क्षेत्र में असंतोष फैलने की संभावना से नकारा नहीं जा सकता है। कहा है कि उक्त प्रस्तावित स्थान अभिलेखों में रौखड़ के रूप में दर्शाया गया है और उक्त स्थान पर अधिकांश पेड़ केवल चार से छह इंच मोटाई के ही हैं।

**केंद्र सरकार या सुप्रीम कोर्ट के माध्यम से निकाला जाए समाधान**

सीएम को भेजे पत्र में कोश्यारी ने कहा है कि न्यायालय ने अपने आदेश में स्वयं ही सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा है कि अधिवक्ताओं को वर्चुअल या आन लाइन बहस करने का अभ्यास डालना चाहिए। कहा है कि गौलापार में हाईकोर्ट बन जाने से हल्द्वानी में सभी प्रकार की सरकारी और निजी अस्पतालों के माध्यम से चिकित्सा की उचित सुविधा उपलब्ध हो जाएगी और यहां से हवाई अड्डा तक 20-25 मिनट में पहुंचा जा सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस संबंध में शासन की ओर से केंद्र सरकार या सर्वोच्च न्यायालय के माध्यम से शीघ्र समस्या का समाधान निकाला जाए।

**सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ कोश्यारी का पत्र**


पूर्व मुख्यमंत्री कोश्यारी की ओर से सीएम धामी को भेजा गया पत्र सोमवार को सोशल मीडिया में खूब वायरल होता रहा। यही नहीं पत्र के वायरल होते ही हाईकोर्ट शिफ्टिंग के मुद्दे को लेकर बाजार से लेकर भाजपा कार्यालय तक में जमकर चर्चाएं हुई। चर्चाओं के दौरान कोई भी व्यक्ति हाईकोर्ट को कुमाऊं से बाहर स्थानांतरित करने का पक्षधर नहीं दिखा।

# ऋषिकेश : यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता का एम्स में चेकअप

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश,16,मईउत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां को इलाज के लिए ऋषिकेश केएम्स में भर्ती कराया गया है।आदित्यनाथ की माँ को में चिकित्सकों की देखरेख में जिरियाट्रिक वार्ड में रखा गया है। एम्स प्रशासन का कहना है कि वृद्धावस्था में होने वाली दिक्कतों के चलते उन्हें रूटीन चेकअप के लिए भर्ती किया गया है।योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी (85) को मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे एम्स के जिरियाट्रिक वार्ड में भर्ती कराया गया है ।






एम्स प्रशासन का कहना है कि अधिक उम्र में होने वाली समस्याओं के चलते रूटीन चेकअप के लिए सावित्री देवी यहां लाया गया है ।मंगलवार को विभिन्न विभागों के डॉक्टरों ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया। योगी की बहन शशि भी मां को देखने पहुंची थी। सीएम के परिवार को मिलने वाली सुरक्षा व्यवस्था के तहत तैनात पुलिसकर्मी भी एम्स में मौजूद हैं। एम्स के पीआरओ संदीप कुमार ने सावित्री देवी के भर्ती होने की पुष्टि की है।

# डीएम खुराना ने की विभागीय संपत्तियों से प्राप्त रेवेन्यू और परिसंपत्तियों के बाउंड्री सृजन कार्यो की समीक्षा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

**आम जनता के उचित उपयोग के लिए खाली संपत्तियों को किराए पर दे विभाग : डीएम**

चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बुधवार को समस्त विभागीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए विभागीय संपत्तियों से प्राप्त रेवेन्यू और परिसंपत्तियों का बाउंड्री सृजन कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभाग अपनी खाली और कुछ समय के लिए उपयोग हो रही संपत्तियों को निर्धारित दरों पर आम नागरिकों के उचित उपयोग हेतु किराए पर देना सुनिश्चित करें। आम नागरिकों की जानकारी के लिए इसका प्रचार प्रसार भी करें। उन्होंने कहा कि इससे आम नागरिकों को सुविधा मिलेगी और विभाग की संपत्तियों का बेहतर उपयोग के साथ रेवेन्यू प्राप्त होगा। रेवेन्यू का 50 प्रतिशत राज्य सरकार, 25 प्रतिशत जिला स्तरीय समिति तथा 25 प्रतिशत विभाग को मिलेगा। विभाग इसे संपत्तियों की रख रखाव पर खर्च कर सकते है। जिससे विभाग को ही फायदा होगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन विभागों ने अभी तक अपनी परिसंपत्तियों को किराए पर देना शुरू नहीं किया है, वो तत्काल इस दिशा में कार्य करना सुनिश्चित करें। इस दौरान बताया कि अभी तक युवा कल्याण, मत्स्य और शिक्षा विभाग ने अपने खेल मैदान, कैफे, सभागार कक्ष किराए पर देकर आय अर्जित की है।

वही दूसरी ओर जिलाधिकारी ने सभी विभागों को अपनी परिसंपत्तियों का डाटा उत्तराखंड पब्लिक एसेट मैनेजमेंट पोर्टल पर अपलोड करते हुए मोबाइल एप के माध्यम से इसका (पॉलीगॉन) बाउंड्री सृजन कार्यो को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन विभागों में बाउंड्री सृजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है वहां से कुशल कार्मिकों को दूसरे विभाग में लगाया जाए। ताकि जिला स्तर पर जल्द से जल्द अन्य विभागों में भी संपत्तियों का वाउंड्री सृजन कार्य पूर्ण हो सके और भविष्य में सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण को रोका जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग अपने स्तर पर इसके लिए विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय करें। ताकि भूमि पर अवैध कब्जा होने पर जवाबदेही भी सुनिश्चित की जा सके। जिला पंचायत, विद्युत और मत्स्य विभाग के अधिकारी का बैठक में न आने पर जिलाधिकारी ने तीनों अधिकारियों का स्पष्टीकरण भी तलब किया। इस दौरान बताया गया कि है जनपद में 30 विभागों द्वारा बाउंड्री सृजन कार्य पूर्ण कर लिया गया है जबकि 18 विभागों में इसका कार्य प्रगति पर है।

बैठक में डीएफओ सर्वेश कुमार दुबे, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, सीओ पुलिस अमित कुमार, पीडी आनंद सिंह, एसीएमओ डॉ बीपी सिंह, सीईओ कुलदीप गैरोला, डीएसटीओ विनय जोशी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला से मारपीट में चार पर मुकदमा

रुड़की।पुलिस ने नगर पंचायत कलियर निवासी एक महिला की तहरीर पर बुधवार को चार लोगों के खिलाफ मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।पिरान कलियर नगर पंचायत निवासी महिला शबाना ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाले वासिक मुन्ना, दानिश, और शौकीन ने उसके घर में घुस कर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की। उसके कपड़े फाड़कर अभद्रता की है। साथ ही उसके भांजे नवाब के साथ भी लाठी डंडों व सरिए से मारपीट कर घायल कर दिया। परिवार को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। थाना प्रभारी दिलबर सिंह नेगी ने बताया पीड़ित महिला शबाना की तहरीर पर वासिक,मुन्ना, दानिश और शौकीन निवासी नगर पंचायत पिरान कलियर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### तालाब पर अतिक्रमण के विरोध में महिलाओं का प्रदर्शन

रुड़की। नगर के मोहल्ला लालबाड़ा स्थित गुला नामक तालाब पर अवैध कब्जे के कारण बरसात से पहले ही लोगों को जल भराव की समस्या से जूझना पड़ रहा है। पीड़ित स्थानीय लोग महिलाओं के साथ बुधवार को नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और अतिक्रमण के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। नगर में कई तालाबों पर अवैध रूप से कब्जे कर लिए गए हैं। जिसके चलते नगर में जल भराव की समस्या लगातार जटिल होती जा रही है। नगर के मोहल्ला लालबाड़ा स्थित गूला नामक तालाब का क्षेत्रफल काफी बड़ा था। जिससे कई मोहल्लों से निकलने वाला पानी उक्त तालाब में समायोजित हो जाता था। लेकिन लोगों ने तालाब पर अवैध रूप से कब्जा कर उसके आकार को छोटा कर दिया। जिसके कारण लोगों के सामने जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। बुधवार को वार्ड नंबर 10 के निवर्तमान सभासद मोहम्मद अहसान एवं शमीम अहमद के नेतृत्व में भारी संख्या में महिलाओं ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन शुरू किया।

### संस्था के अध्यक्ष बने विपिन

रुड़की। सामाजिक संस्था राजहंस कला मंदिर के द्विवार्षिक चुनाव बुधवार को सर्वसम्मति से संपन्न करवाए गए। चुनाव में अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी पदाधिकारियों दी गई हैं। पदाधिकारियों ने आगामी वर्ष में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा सदस्यों को बताई और सभी को साथ लेकर सामाजिक कार्य करने की बात कही।रुड़की के सिविल लाइंस स्थित एक होटल में आयोजित चुनाव प्रक्रिया को चुनाव अधिकारी एके मदान और प्रमोद गोयल की देखरेख में शुरू किया गया। जिसमें अध्यक्ष और सचिव पद पर एक-एक और कोषाध्यक्ष पद पर दो दावेदारों ने दावा किया। कोषाध्यक्ष पद पर एक दावेदार योगेश सिंघल द्वारा नाम वापस लिए जाने के बाद सर्वसम्मति से तीनों पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई। जिसमें अध्यक्ष पद पर विपिन कुमार सिंघल (त्रिवेणी वाले), सचिव अजेश कुमार अग्रवाल और कोषाध्यक्ष पारस गोयल को चुना गया। साथ ही 29 मई को संस्था का 69 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने की बात कही। निवर्तमान अध्यक्ष राकेश गोयल एडवोकेट ने अपने कार्यकाल में सभी सदस्यों के सहयोग के लिए उनका आभार जताया। कार्यक्रम में आशीष गुप्ता,अफजल मंगलोरी,बलबीर गोयल, गोपालपुरी, गौरव गोयल, गोविंद विकास अग्रवाल, एचएम कपूर,किरण कौशिक,कमल किशोर, मनोज गोयल,मुकुंद प्रताप,नवनीत सिंघल,प्रमोद गोयल,पूनम मदान,पारस गोयल, राजीव चंद्रा, सुनील कुमार अग्रवाल, संजीव गोयल,एसपी कौशिक, सुभाष चंद्र अरोड़ा, सचिन सिंघल,शकुन अग्रवाल, शेखर सिंघल, संजय गुप्ता, वंदना अग्रवाल, विपिन कुमार सिंघल, योगेश सिंघल, शुभम गोयल आदि लोग मौजूद रहे।

### मजबूती के साथ किसानों की लड़ाई लड़ी जाएगी

रुड़की। भाकियू अम्बावता प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। इसके साथ ही किसानों के मुद्दों पर मजबूती के साथ लड़ाई लड़ने की बात कही। पनियाला रोड स्थित कैंप कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए भाकियू (अ) के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी सुभाष सिंह ने कहा कि संगठन के बैनर तले किसानों की हर एक लड़ाई मजबूती से लड़ाई जाएगी। हाल ही में शॉर्ट सर्किट के कारण कई स्थानों पर गेंहू की फसलें जली हैं, जिसके मुआवजे को लेकर सरकार से मांग की जाएगी।

## जानकीचट्टी पैदल मार्ग पर पानी बहने से यात्री परेशान

उत्तरकाशी। यमुनोत्री धाम के अंतिम पड़ाव जानकीचट्टी में पैदल मार्ग पर नाली, बंद होने से पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे पैदल आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को दिक्कत उठानी पड़ रही है। स्थानीय निवासी राकेश रावत, महावीर पंवार, रणबीर राणा आदि का कहना है कि जानकी चट्टी से यमुनोत्री जाने वाले इस पैदल मार्ग पर नाली बंद हो गया है, जिस कारण पानी सीधे रास्ते में बह रहा है। इससे पैदल मार्ग पर फिसलने का खतरा बना हुआ है। मार्ग पर चलने से तीर्थ यात्रियों को दिक्कतें हो रही हैं।


## पुरोला में छात्रा से दुष्कर्म का आरोपी शिक्षक गिरफ्तार

उत्तरकाशी। नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे आरोपी शिक्षक को पुलिस ने मंगलवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बुधवार को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष पुरोला मोहन कठैत ने बताया कि शिक्षक के खिलाफ तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। मंगलवार देर शिक्षक को पुरोला-नौगांव मोटर मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के समीप से गिरफ्तार कर लिया गया। बताया कि मंगलवार को पुरोला के एक निजी इंटर कॉलेज के शिक्षक राकेश कुमार उम्र 35 वर्ष पुत्र वीरेन्द्र लाल निवासी देवजानी विकास खण्ड मोरी के अपने ही कॉलेज में अध्ययनरत दसवीं की नाबालिग 14 वर्षीय छात्रा को कमरे में बुलाकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया था। पीड़ित छात्रा के चाचा ने मामले में तहरीर दी थी, जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश शुरू कर दी थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपित शिक्षक के खिलाफ पॉक्सो ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य का कहना है कि घटना के बाद आरोपित शिक्षक की सेवा समाप्त कर दी गई है, पूरा विद्यालय परिवार पीड़ित छात्रा के साथ खड़ा है।

## उत्तरकाशी में यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

उत्तरकाशी। बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष मनीष राणा के नेतृत्व में हनुमान चौक पर एकत्रित हुए। जहां कार्यकर्ताओं ने चारधाम यात्रा मार्गों पर फैली अव्यवस्थाओं को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि यात्रा को शुरू हुए पांच दिन हो गए हैं, लेकिन अभी भी यात्रा मार्ग पर अवस्थाएं बनीं हैं। यात्रियों को जगह-जगह घंटों तक रोका जा रहा है। जिससे देश-विदेश के यात्री बड़े परेशान हैं। इससे तीर्थ यात्रियों का यात्रा शेडयूल भी गड़बड़ा गया है।

# संपादकीय



## 370 के बाद कश्मीरी जनादेश

जम्मू-कश्मीर की श्रीनगर सीट पर आम चुनाव के चौथे चरण में करीब 38 फीसदी मतदान हुआ। यह 1996 के बाद सर्वाधिक मतदान है। तब 40.9 फीसदी वोट डाले गए थे। राष्ट्रीय संदर्भ में यह बहुत कम मतदान लग सकता है, लेकिन कश्मीर के नाजुक हालात के मद्देनजर यह ऐतिहासिक और उत्साही मतदान है। 1998 के 30 फीसदी मतदान का भी रिकॉर्ड टूट गया है। पिछले आम चुनाव 2019 में, अनुच्छेद 370 को निरस्त करने से पहले, श्रीनगर सीट पर मात्र 14 फीसदी मतदान हुआ था। संसद के जरिए 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 निरस्त किया गया। उसके बाद का यह पहला लोकसभा चुनाव है। चुनावी लोकतंत्र और कश्मीरी जनादेश को मतदाताओं की ऐसी भागीदारी से ताकत मिलेगी। हालांकि अमन-चैन और संपूर्ण सामान्य हालात बनना फिलहाल एक लंबी प्रक्रिया है, लेकिन कश्मीर बदला है और बदल रहा है। कश्मीरी घाटी में मतदान के ऐसे रुझानों को पढ़ना और समझना बेहद मुश्किल और पेचीदा है। मतदान पर दमन और दबाव के आरोप लगते रहे हैं। मतदान से पहले सुरक्षा-व्यवस्था सबसे अहम सरोकार था, क्योंकि 4 मई को भारतीय वायुसेना के काफिले पर आतंकी हमला किया गया था। पुंछ इलाके के उस हमले में हमारा एक जांबाज सैनिक 'शहीद' हुआ और 4 सैनिक घायल हुए थे। कश्मीर में ऐसा टुकड़े-टुकड़े आतंकवाद आज भी मौजूद है। कश्मीर का राजधानी-शहर श्रीनगर आज चहल-पहल में डूबा है। लोग पार्क में बैठे पार्टी कर रहे हैं और पत्रकारों को भी चाय-नाश्ते की पेशकश कर रहे हैं। श्रीनगर में चुनाव के वक्त इसकी कल्पना भी नहीं की जाती थी। लोग प्रधानमंत्री मोदी और उनके बदलावों की भी चर्चा कर रहे थे। घाटी में तो भाजपा का अस्तित्व ही नहीं रहा है। भाजपा ने अपना उम्मीदवार भी श्रीनगर से खड़ा नहीं किया था। वह किसी 'अपनी पार्टी' और 'पीपुल्स कॉन्फ्रेंस' को चुनावी समर्थन दे रही थी, यह भी गप्पबाजी के अलावा कुछ नहीं है। श्रीनगर सीट पर फारूक अब्दुल्ला की 'नेशनल कॉन्फ्रेंस' और महबूबा मुफ्ती की 'पीडीपी' ने एक-दूसरे के खिलाफ प्रत्याशी उतारे थे, हालांकि दोनों ही 'इंडिया' गठबंधन के घटक हैं। वे इतने मतदान को अनुच्छेद 370 निरस्त करने के खिलाफ कश्मीरियों का गुस्सा करार देते हैं। अभी जम्मू-कश्मीर की शेष सीटों पर मतदान होना है, लेकिन भाजपा का मानना है कि अनुच्छेद 370 कोई मुद्दा ही नहीं रहा। भाजपा के लिए यह ऐतिहासिक इसलिए है, क्योंकि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 'एक विधान, एक निशान, एक प्रधान' के लिए लंबा संघर्ष किया था। उनकी शहादत आज भी एक रहस्य है। अनुच्छेद 370 'जनसंघ' के दौर से एक वैचारिक और सैद्धांतिक एजेंडा रहा है। मोदी सरकार ने अगस्त, 2019 में संसद के जरिए इसे निरस्त किया और उसके बाद आम कश्मीरी आंदोलित भी नहीं हुआ। कश्मीर में 'तिरंगा' फहराया जा रहा है। भारत का संविधान और तमाम कानून कश्मीर में भी प्रभावी हो गए हैं। आरक्षण की व्यवस्था भी लागू कर दी गई है। गैर-कश्मीरी भी जमीन खरीद कर अपना कारोबार कर रहे हैं। कश्मीरी महिलाओं के पारिवारिक और वैवाहिक हक शेष भारत की तरह लागू कर दिए गए हैं। कश्मीर बदल गया है, इसका पुख्ता सबूत यह है कि आम चुनाव के जरिए जनादेश भी शांति और सद्भाव से दर्ज करा दिया गया है। यकीनन यह बदले और नए कश्मीर का पहला जनादेश है। टीवी चैनलों पर असंख्य कश्मीरियों को यह कहते सुना और देखा गया-बेशक बहुत कुछ बदल गया है। अब हम रात-दिन सक्रिय और सुरक्षित हैं।''

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
संपादक : मौ.सलीम सैफी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। फ़ोन : 0135-4066790, 2672002
RNI No. : UTTHIN/2012/44094 Cert. Ser. No. : 31406 E-mail : dainiknewsvirus@gmail.com
Website : www.newsvirusnetwork.com YouTube : TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## उत्तरकाशी में हत्यारोपी को आजीवन कारावास की सजा

उत्तरकाशी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरुबख्श सिंह ने हत्या के एक मामले में दोषी को आजीवन कारावास और दस हजार रुपये अर्थदंड की सजा की सुनाई है। घटना 30 जुलाई 2022 की है। लंबगांव मोटरमार्ग पर स्थित एक होटल में काम करने वाले ज्ञानसू निवासी महादेव नौटियाल ने शराब के नशे में रात को उत्तरकाशी केदारघाट से अपने साथी सोबन सिंह पंवार को नदी में धक्का दे दिया था। यह पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई थी। इसके बाद अगले दिन जब सोबन नहीं घर पहुंचा तो होटल मालिक ने 31 जुलाई को थाना कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज करवाई। एक अगस्त को पुलिस ने शक के आधार पर महादेव को गिरफ्तार किया। पूछताछ में महादेव ने बताया कि वह घटना के दिन होटल मालिक से 1500 रुपये लेकर बाजार चल दिया था, जहां उन्होंने शराब पी। उसने बताया कि हम दोनों हलवाई का काम करते थे और सोबन अक्सर उसे परेशान किया करता था। जिसकी रंजिश रखते हुए उसने उसे रात में केदारघाट पर ले जाकर भागीरथी में धक्का दे दिया था और चुपचाप वहां से अपने घर को चला गया। आठ अगस्त 2022 को पुलिस ने चिन्यालीसौड़ के पास टिहरी बांध की झील से शव बरामद किया।

## मैदानी लेखपाल काम पर वापस लौटे

नैनीताल। मैदानी तहसीलों में बुधवार से प्रमाणपत्र बनाने का कार्य शुरू हो गया है। उत्तराखंड लेखपाल संघ के प्रदेश महामंत्री तारा चन्द्र घिल्डियाल के नेतृत्व में जनपद के लेखपालों का शिष्टमंडल बुधवार को एडीएम फिंचाराम चौहान से मिला। घिल्डियाल ने बताया कि नौ सूत्रीय मांगपत्र पर एडीएम से सकारात्मक वार्ता हुई है। वार्ता में लेखपालों द्वारा अन्य विभागों के कार्य न करने, लेखपाल द्वारा मूल क्षेत्रों के प्रमाणपत्रों पर आख्या देने पर सहमति बनी। वीआईपी कार्यों में अग्रिम धनराशि की व्यवस्था की मांग की गई। जनपद में 16 लेखपालों का शीघ्र स्थायीकरण किए जाने पर सहमति हुई। इसके बाद लेखपालों ने अपना काम शुरू कर दिया। शिष्टमंडल में जिला मंत्री आशुतोष चन्द्र, तहसील अध्यक्ष डीएस पंचपाल, गोपाल बिष्ट, लक्ष्मी नारायण यादव, सुनीता लोहनी, मीना कोहली आदि उपस्थित रहे।

## केवाईसी के लिए गाँवो में अलग कैम्प लगाएं गैस एजेंसी

हल्द्वानी। गैस एजेंसी पर केवाईसी के लिए लगातार भीड़ बढ़ने लगी है। केवाईसी के लिए रामगढ़ के कई गावों से लोगों को भवाली गैस एजेंसी आना पड़ रहा है। निवर्तमान सभासद किशन अधिकारी ने बताया कि भीड़ बढ़ने से लोगों को केवाईसी कराने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। गैस एजेंसी गांवों में जाकर शिविर लगाए तो लोगों का समय भी बचेगा और केवाईसी भी जल्द हो जाएगी। गैस एजेंसी के अनुसार लोगों के आधार अपडेट नहीं हैं। क्षेत्र में 14 हजार 362 घरेलू गैस कनेक्शन सक्रिय हैं। सभी के केवाईसी अपडेट की जा रही है। भवाली गैस प्रबंधक दीपा पाटनी ने बताया कि खनस्यूं, भीड़ापानी, रामगढ़, काफली, तल्ला रामगढ़ में शिविर लगाकर केवाईसी अपडेट किए गए हैं।

## लायंस क्लब हल्द्वानी के स्थापना दिवस पर आज विभिन्न कार्यक्रम

हल्द्वानी। लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी का स्थापना दिवस समारोह आज बुधवार को देर शाम धूमधाम से मनाया जाएगा। क्लब के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी एवं सचिन मुकेश गुप्ता, निशुल अग्रवाल ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर सदस्यों के बीच तमाम रंगारंग कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। कोषाध्यक्ष डॉक्टर अनुज अग्रवाल ने बताया कि संस्था के द्वारा अगले माह होने जा रहे समारोह में उत्तराखंड बोर्ड हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

# संक्षिप्त खबरें

## राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किए वाराणसी पंहुचकर काशी विश्वनाथ मंदिर में भगवान विश्वनाथ के दर्शन

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को वाराणसी पंहुचकर काशी विश्वनाथ मंदिर में भगवान विश्वनाथ के दर्शन किए। इस अवसर पर राज्यपाल ने पूजा-अर्चना कर देश एवं प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की। राज्यपाल ने कहा कि ''वाराणसी के भव्य-दिव्य श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा विश्वनाथ की पूजा-अर्चना और दर्शन कर मन अभिभूत हो गया! भक्तहितकारी और दया के सागर बाबा विश्वनाथ सभी देशवासियों को सुख और समृद्धि प्रदान करें!''

## डीएम ने ली हिट एण्ड रन प्रकरणों की समीक्षा बैठक

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका द्वारा उनके कार्यालय कक्ष में हिट एण्ड रन प्रकरणों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में हिट एण्ड रन प्रकरणों की जानकारी मांगी गई जिस पर अवगत कराया गया कि जनपद में 21 हिट एण्ड रन प्रकरण है। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हिट एण्ड रन प्रकरणों की वर्षवार सूची तैयार करते हुए निर्धारित समय अन्तर्गत जांच करते हुए मुआवजे की कार्यवाही हेतु सम्बन्धित बीमा कम्पनी को पत्रावली प्रेषित की जाएं। उन्होंने सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत इस प्रकार के प्रकरणों पर त्वरित जांच की कार्यवाही करते प्रकरण को मुख्यालय को प्रेषित करें, ताकि उन पर नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, उप जिलाधिकारी सदर हरगिरी, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी राजेन्द्र विराटिया, पुलिस निरीक्षक यातायात श्री सेमवाल सहित बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधि एवं एनजीओ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पहाड़ी दाल और अनाज के शौकीनों को बदरीनाथ यात्रा मार्ग पर सुगमता से मिल रहे पहाड़ी उत्पाद

चमोली। चमोली जनपद में स्थानीय उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने की ग्राम्य विकास विभाग की ओर से ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत मुहीम संचालित की जा रही है। जिसके चलते यहां अब बदरीनाथ मार्ग पर पहाड़ी दाल, अनाज और जूस के शौकीनों को सुगमता से पहाड़ी उत्पाद मिल रहे हैं। विभाग की ओर से जिले के 11 स्थानों पर पर पहाड़ी उत्पादों के विपणन के लिये आउटलेट बनाए गए हैं। जबकि आगामी 17 मई से नंदप्रयाग में विभाग की ओर से पहाड़ी व्यंजनों का ढाबे का संचालन भी शुरु किया जा रहा है। जिससे देश और विदेश से आने वाले तीर्थयात्री यात्रा मार्ग पर पहाड़ी व्यंजनों का लुत्फ ले सकेंगे। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने बताया कि ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से संकुल संकुल स्तरीय कलस्टर एवं स्वंय सहायता समूहों के माध्यम से बदरीनाथ हाईवे पर गौचर, कर्णप्रयाग, सोनला, मैठाणा, गोपेश्वर, विरही, टंगढी, पीपलकोटी, लंगसी, जोशीमठ व ब्रदीनाथ मे आउटलेट संचालित किए जा रहे हैं। जबकि कई स्थानों पर कैनोपी लगाकर उत्पादों का विपणन किया जा रहा है। आउटलेट पर पहाड़ी दालें, मंडुवे का आटा, झंगोरा, मसाले, बुरांश जूस, माल्टा जूस, आंवला जूस, तिमले, लिंगडे, लहसुन के अचार के साथ ही हैंडी क्राफ्ट के उत्पाद व उत्तराखण्ड प्रतीक चिन्हों का विपणन किया जा रहा है। परियोजना निदेशक आनन्द सिंह ने कहा कि जनपद में स्थानी उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के साथ ही स्वरोजगार और पर्यटन को बढ़ावा देने की मंशा से रीप व यूएसआरएलएम की ओर से यह गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। साथ ही व्यवसाय की नियमित निगरानी व साप्ताहिक व्यवसाय का डाटा तैयार किया जा रहा है। ताकि डाटा विश्लेषण के आधार पर ऐसे व्यवसायों को बढ़ाने की सुदृढ रणनीति तैयार की जा सके। बताया कि आउटलेट पर उत्पादों की उच्च गुणवत्ता व बजाार मांग के अनुरुप ग्रेडिंग पैकिंग का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष जनपद में 8 स्थानों पर आउटलेट का संचालन कर 20 लाख का व्यवसाय किया गया था। इस वर्ष आउलेट के माध्यम से 1 करोड़ के व्यवसाय का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## रोडवेज कर्मचारी यूनियन के वेद अली अध्यक्ष, अमन बने मंत्री

हल्द्वानी। उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन प्रशासनिक शाखा काठगोदाम के वेद अली अध्यक्ष व अमन कुमार मंत्री चुने गए। मंगलवार को रोडवेज परिसर में हुए चुनाव में एकता पाल और मो. शाहिब उपाध्यक्ष, सुमन अग्रवाल, माधुरी शर्मा मंत्री, अनुज गुप्ता संगठन मंत्री, सचिन कुमार कोषाध्यक्ष, सुनील बिष्ट प्रांतीय प्रतिनिधि, नवीन लोहनी क्षेत्रीय प्रतिनिधि व बनवारी लाल कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। चुनाव अधिकारी नितिन दीक्षित, शोएब अख्तर की मौजूदगी में हुए सम्मेलन में कार्मिकों ने जर्जर मंडलीय कार्यालय का पुनर्निर्माण करने, कर्मचारियों के पुराने देयकों के भुगतान की मांग की गई। इस मौके पर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, क्षेत्रीय मंत्री गोपेश्वर श्रीवास्तव, दयाल जोशी, ललित प्रसाद रहे। यूनियन के क्षेत्रीय मंत्री ने बताया आज बुधवार को रुद्रपुर में नैनीताल मंडल (कुमाऊं परिक्षेत्र) के पदाधिकारियों का चुनाव 11 बजे से होगा, जिसमें मंडल के सभी डिपो कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे।


## संत निरंकारी मंडल ने मनाया समर्पण दिवस

हल्द्वानी। संत निरंकारी मंडल ने बाबा हरदेव सिंह महाराज की स्मृति में समर्पण दिवस का आयोजन किया। बरेली रोड सत्संग भवन में हुए कार्यक्रम में केंद्रीय ज्ञान प्रचारक आरएस मेहरा ने कहा, महाराज के प्रति प्रेम तभी सार्थक हो सकता है जब उनकी शिक्षा को जीवन में अपनाएं। इस अवसर पर वक्ताओं ने व्याख्यान, गीत और भजन के प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में लंगर और प्रसाद वितरण किया गया।

## नैनीताल में अवैध निर्माण को चिह्नित करेंगी 15 टीमें

नैनीताल। अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रशासन की ओर से नगर क्षेत्र के लिए 15 टीमें गठित कर दी गई हैं। टीमें दो दिन तक चिह्नीकरण के बाद रिपोर्ट जिला प्रशासन को देंगी। इसके बाद अतिक्रमण के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम प्रमोद कुमार की ओर से जारी आदेश में तीन-तीन सदस्यीय 15 टीमें गठित की गई हैं। इसमें अधिकारी और कर्मचारियों को शामिल किया गया है। इसमें कहा गया है कि 15 और 16 मई को संबंधित टीमें वार्ड स्तर पर सर्वे के बाद रिपोर्ट तैयार करेंगी। संबंधित रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपी जाएगी। टीम के नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे वार्ड स्तर पर निरीक्षण कर अतिक्रमण को सूचीबद्ध करेंगे। इसमें अस्थाई और स्थाई अतिक्रमण को चिह्नित किया जाएगा। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि शहर समेत आसपास के क्षेत्रों में अतिक्रमण पर कार्रवाई की जाएगी।

# उत्तराखंड : अब गर्मी करेगी बेहाल, पारा पहुंचेगा 40 पार



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 16 मई : मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, अगले चार दिनों तक प्रदेशभर में मौसम साफ रहेगा। इस दौरान लोगों को फिर से भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा और चटख धूप खिलने तापमान में वृद्धि हो सकती हैउत्तराखंड में पिछले दिनों पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ था, जिससे पर्वतीय क्षेत्रों में अच्छी बारिश हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत पहुँचाने का का काम जरूर किया है लेकिन आने वाले दिनों में पड़ने वाली भीषण गर्मी का एहसास भी करा दिया है। पहाड़ों में कुछ जगहों पर आंशिक बादल तो मंडरा रहे है लें मौसम शुष्क बना हुआ है। वहीं मैदानी क्षेत्रों में पारे में तेजी से इजाफा होने लगा है। बीते दो दिनों में अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, अगले चार दिनों तक प्रदेश में मौसम साफ रहेगा। लोगों को एक बार फिर भीषण गर्मी से निपटना पड़ेगा। इस दौरान सामान्य तापमान में 2 से 4 डिग्री तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में तापमान बढ़ सकता है। दून में अगले तीन-चार दिनों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने की संभावना है।देहरादून का अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं पंतनगर का अधिकतम तापमान 37.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस। जबकि मुक्तेश्वर का अधिकतम तापमान 26.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14.0 डिग्री रहा और नई टिहरी का अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कालाढूंगी के अध्यक्ष बने राजेश

हल्द्वानी। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की कालाढूंगी इकाई की कमान राजेश कुमार गोयल को सौंपी गई है। जबकि मतलुफ इलाही को महामंत्री मनोनीत किया गया है। नैनीताल कार्यकारिणी के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता और जिला निर्वाचन अधिकारी रामपाल सिंह गंगोला की संस्तुति पर बुधवार को जिला महामंत्री हर्षवर्धन पांडे ने इसकी घोषणा की। जिला निर्वाचन अधिकारी रामपाल सिंह गंगोला ने बताया कि नगर इकाई कालाढूंगी के नव मनोनीत अध्यक्ष और महामंत्री को एक वर्ष के भीतर सदस्यता अभियान चलाकर शेष कार्यकारिणी का चुनाव कराने को निर्देशित किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद गोयल, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, प्रदेश संयुक्त महामंत्री नवनीत राणा, निवर्तमान ग्रामीण इकाई अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कुसुम दिगारी, महामंत्री उर्वशी बोरा, प्रदेश मंत्री शांति जीना, रूपेंद्र नागर, भगवत सिंह बिष्ट, जनक राज उत्पल, युवा जिलाध्यक्ष प्रदीप सबरवाल, महामंत्री शिव कपूर, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र बोरा, नदीम खान, जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर लाला जायसवाल, विजय तिवारी, मुरली मनोहर मुलानी, पंकज कंसल, प्रमोद भट्ट, संजू पाना, जिला संरक्षक अब्दुल कवि, इंद्र कुमार भूटियानी, काठगोदाम अध्यक्ष गोविंद भाकुनी, महामंत्री भुवन जोशी आदि ने दोनों को बधाई दी है।

## जागरूकता शिविर लगाया

नैनीताल। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार पैरा लीगल वालंटियर आरती महरा ने बुधवार को भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय मल्लीताल में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न रोकथाम निषेध और निवारण को लेकर जागरूक किया और पॉश अधिनियम 2013 के प्रावधानों पर जागरूकता शिविर लगाया। इस दौरान सैनिक विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।

# पौड़ी पुलिस ने स्कूली छात्र-छात्राओं को नशे के प्रति किया जागरुक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी 16 मई : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को स्कूल/कॉलेजों में जाकर "जागरूकता अभियान" चलाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके क्रम में थाना लैन्सडाउन, धुमाकोट, कालागढ़ व चौकी पाबों पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों के विभिन्न स्कूलों में जाकर छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों, सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों, साइबर अपराधों, बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों एवं इन अपराधों से बचाव के बारे में विस्तृत रुप से बताया गया। इसके अतिरिक्त आपात कालीन नम्बर -112, साइबर हेल्प लाइन नम्बर-1930 की जानकारी भी दी गयी।



## संक्षिप्त खबरें

### महिला ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

रुड़की। पारिवारिक विवाद में बुधवार को एक महिला ने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला की आत्महत्या के बाद ससुराल और मायके पक्ष भी सिविल अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे। रुड़की कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर में 33 वर्षीय महिला अपने पति के साथ रहती थी। पति एक फैक्ट्री में काम करता है। दंपति के दो बच्चे भी हैं। काफी समय से दंपति में मनमुटाव चल रहा था।

### पर्स लौटाने पर दो लोगों में विवाद

रुड़की। रुड़की कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर में एक दुकानदार का पर्स खो गया था। जिसको एक व्यक्ति ने लौटा दिया। इस बीच उक्त व्यक्ति और दुकानदार में विवाद हो गया। दुकानदार का कहना है कि पर्स में करीब 6,500 रुपये थे। जबकि व्यक्ति ने बताया कि पर्स में सिर्फ 300 रुपये थे। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। हालांकि विवाद के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।

### पालीगाड़ में व्यवसायियों और यात्रियों ने की नारेबाजी

उत्तरकाशी। यमुनोत्री जाने से रोके जाने पर नाराज यात्रियों और स्थानीय कारोबारियों ने पालीगाड़ में बुधवार को जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। कारोबारियों ने सरकार पर यात्रा में व्यवस्था न बनाने का आरोप लगाया। बुधवार को यमुना घाटी होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष सोबन सिंह राणा के नेतृत्व में क्षेत्र के कारोबारी यमुनोत्री हाईवे के पालीगाड़ पहुंचे।

10 सितंबर 2022 को पुलिस ने मामले में विवेचना पूरी कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। सहायक शासकीय अधिवक्ता पूनम सिंह ने बताया कि अभियोजन पक्ष की ओर से शासकी अधिवक्ता यशपाल सिंह रावत द्वारा मामले में 13 गवाह पेश किए गए। जिस पर सुनवाई पर करते जिला जज गुरुबख्श सिंह ने आरोपी को सजा सुनाई।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 142 रोगियों ने लिया परामर्श

ऋषिकेश। हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट की ओर से श्यामपुर बारातघर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 142 रोगियों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। रोगियों को निशुल्क दवाईयां प्रदान की गई। इसके साथ ही जरूरी स्वास्थ्य जांचें भी निशुल्क ही की गई। बुधवार को हिमालयन इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एचआईएमएस) के सामुदायिक चिकित्सा विभाग की ओर से श्यामपुर बारात घर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य सभी का अधिकार है। रोगियों को गुणवत्तापरक स्वास्थ्य दी जा सके, इस उद्देश्य से विभाग की ओर से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। आरएचटीसी इंचार्ज डॉ.अभय श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर में करीब 142 मरीजों ने मुफ्त शिविर में परामर्श को पहुंचे। इसमें करीब 80 महिलाएं व 62 पुरुष शामिल हैं। विभाग के चिकित्सकों की ओर से उन्हें निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। डॉ.दीपशिखा चौधरी ने बताया कि शिविर में आए सभी रोगियों को निशुल्क दवाईंयां वितरित की गई। शुगर, हिमाग्लोबिन सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें भी निशुल्क किए गए। इस दौरान डॉ.नेहा शर्मा, डॉ.चिराग जोशी, डॉ.अर्चिता यादव, अर्पणा गुप्ता, अर्यान मिश्रा, अर्यांविंद बेनीवाल, आशीष भाटी सहित एमएससी के छात्र-छात्राओं शैलेंद्र सिंह, आदर्श, लैब टेक्निशियन प्रदीप, फर्मासिस्ट हरिओम आदि ने सहयोग दिया।

### पीएनबी का सर्वर ठप रहने से लेनदेन प्रभावित, ग्राहक रहे परेशान

विकासनगर। पंजाब नेशनल बैंक का सर्वर बुधवार को ठप हो गया। इससे पूरे दिन बैंक का कामकाज प्रभावित रहा। बैंक में आने वाले खाताधारक दिनभर तकनीकी खराबी ठीक होने का इंतजार करते रहे और आखिर में मायूस होकर वापस लौटे। सर्वर दुरुस्त करने का काम शाम तक चलता रहा, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो सका। सर्वर फेल होने के कारण ट्रांजेक्शन न होने से कई करोड़ का लेन-देन प्रभावित हुआ। उधर, बैंक कर्मियों का कहना है कि मंगलवार शाम से ही तकनीकी दिक्कत थी। बुधवार को सर्वर फेल होने से किसी प्रकार का लेन-देन नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि तकनीकी टीम सर्वर की मरम्मत में लगी हुई है। पछुवादून में पंजाब नेशनल बैंक की 20 से अधिक शाखाएं हैं। इनमें हर दिन करोड़ों का लेन-देन होता है। बैंकों में सर्वर सही ढंग से काम न करने की समस्या मंगलवार शाम से ही शुरू हो गई थी, लेकिन जैसे-तैसे काम निपट गया। शाम को तकनीकी दिक्कत ज्यादा बढ़ गई, इसकी वजह से कई बैंकों में बाउचर, कैश लेजर आदि का मिलान नहीं हो पाया। बुधवार को बैंक खुलने के बाद फिर वही स्थिति उत्पन्न हुई। सर्वर के काम न करने से बैंक के सभी काउंटरों पर ग्राहकों की लंबी लाइन लग गई। इससे काउंटर पर मौजूद कर्मचारी भी दबाव महसूस करने लगे। तमाम ग्राहक जिन्हें पैसे की बेहद जरूरत थी या जिन्हें बाहर पैसे भेजने थे वह खासे परेशान दिखे।

